Date	Edition	Publication	Page no.
28th August 2014	Lucknow	Rahat Times	02

पुस्तक का हुआ विमोचन

लखनऊ, 27 अगस्त: ElectionsinIndia.com द्द भारत का अग्रणी पोर्टल, जो चनाव सबंधी जानकारियों और विश्लेषण का प्रसार कर रहा है - ने आज कान्स्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में अपनी पुस्तक इंडिया इलेक्ट्स-2014, भारत के आम चुनाव: 2009-2014 के नतीजों का तुलनात्मक विश्लेषण, का विमोचन किया। प्रसिद्ध चुनाव विश्लेषक, डॉ प्रणय रॉय, कार्यकारी अध्यक्ष, एनडीटीवी लिमिटेड द्वारा इस पुस्तक की प्रस्तावना लिखी गई है और डॉ आर के टुकराल, निदेशक, डाटानेट इंडिया प्रा. लि. ने इसकी भूमिका लिखी है।



प्रस्तावना में बताया गया है कि भारत के पास दुनिया की सबसे उन्नत इलेक्ट्रोनिक मतदान प्रणाली है, साथ ही यह अफसोस भी जताया गया है कि अभी तक इसके चुनावों पर बहुत कम मौलिक अनुसंधान हुआ है, यही कारण है कि इंडिया इलेक्ट्स-2014 बेहद महत्वपूर्ण है। विस्तृत डाटा से भरपूर यह पुस्तक 7 अप्रैल और 12 मई, 2014 के बीच पूरे भारत में हुए आम चुनावों के नतीजों का विश्लेषण करती है। यह भारत के इतिहास में सबसे लंबे चुनाव और दुनिया में सबसे बड़ा वोटिंग इवेंट था, जिसमें अमेरिका के 193.6 मिलियन और यूके के 45.5 मिलियन मतदाताओं की तुलना में 814 मिलियन मतदाताओं ने भाग लिया। भारत में पहली बार ऐसा हुआ है कि कांग्रेस से इतर किसी दूसरी पार्टी को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है। भूमिका में उल्लेख किया गया है कि 30 से अधिक देशों के 140 से अधिक विजिटरों ने पहली बार शानदार चुनाव प्रणाली को देखा जो कई देशों के लिए एक आदर्श चुनाव प्रणाली के रूप में अपनाने लायक है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर डाटानेट इंडिया के निदेशक, मदन बहल ने कहा कि ''स्वाधीनता के बाद से ही ElectionsinIndia.com ने अपने पोर्टल के माध्यम से सभी संसदीय और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजों का सार मुहैया कराए हैं और शहर, गांव और बूथ स्तर पर ळै नक्शों की सहायता से चुनाव नतीजों का जिओस्पेटिल विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

ElectionsinIndia.com और 720 अन्य वेबसाइट भारत, इसके सेक्टर्स, क्षेत्र, राज्यों और जिलों से संबंधित डाटा का प्रसार कर रहे हैं। यह विशाल ओनरशिप तीव्र डाटा कलेक्शन को सुगम बनाती है, डाटानेट इंडिया को चुनावी जानकारी और विश्लेषण में अभूतपूर्व अग्रता प्रदान कर रही है।''